हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 30 सितंबर 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में जशप्योर उत्पाद महुआ और मिलेट्स ...
4



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जनदर्शन में जानी लोगों की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं को जाना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर प्राप्त हो। जनदर्शन में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व के मामले, साफ- सफाई, अधोसंरचना निर्माण, अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन शामिल थे।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम गीधा, निवासी स्व. चुईरा राम का जहरीला जीव-जन्तु के काटने से 23 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी पुलसो बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर को

**जशपुरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला स्तरीय समारोह का आयोजन 01 अक्टूबर को वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल, जशपुरनगर में किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। इस समारोह का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। संचालक, समाज कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाएगा। समारोह के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किए जाएंगे तथा आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरणों का भी वितरण किया जाएगा।

### जिले में 01 जून से अब तक 10564.6 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 10564.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 29 सितम्बर तक की स्थिति में 10657.5 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 17.5 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1217.2 मिमी, मनोरा में 1332.6 मिमी, कुनकुरी में 1485.0 मिमी, दुलदुला में 664.9 मिमी, फरसाबहार में 795.2 मिमी, बगीचा में 1152.9 मिमी, कांसाबेल में 994.2 मिमी, पत्थलगांव में 952.9 मिमी, सन्ना में 1221.4 मिमी एवं बागबहार में 748.3 मिमी वर्षा हो चुकी है।

# वन दुर्गा और 64 योगिनियों का नगर प्रवेश, नगाड़ों की गूंज, दिखी अनोखी परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ऐतिहासिक जशपुर दशहरा उत्सव का सातवां दिन (सप्तमी) नगरवासियों के लिए आस्था और परंपरा का अनुपम अनुभव लेकर आया।

सप्तमी की सुबह जब वन दुर्गा और 64 योगिनियों को नगर प्रवेश कराया गया तो पूरा शहर श्रद्धा और भक्ति में डूब गया। नगाड़ों की थाप, पारंपरिक रियासती वेशभूषा, नंगे पैर चल रहे बैगा और राजपुरोहितों का दल तथा हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ – यह दृश्य जशपुर की ⏭ शेष पेज 4 पर



पदयात्रा कर नगर प्रवेश के बाद किया गया हवन पूजन।

**षष्ठी की शाम आमंत्रण यात्राः** षष्ठी की संध्या को नगर के काली मंदिर से राजपुरोहित और बैगा दल रियासत कालीन सैनिकों के साथ रवाना हुआ। चार किलोमीटर की नंगे पैर पदयात्रा करते हुए दल बेलवरण पूजा स्थल पहुंचा। नगाड़ों और शंखध्वनि की गूंज से वातावरण गुंजायमान रहा। यह यात्रा केवल आमंत्रण देने की परंपरा नहीं, बल्कि शक्ति का आह्वान और नगरवासियों के लिए देवी के आगमन का संकेत मानी जाती है।

**सप्तमी की सुबह बेलवरण अनुष्ठानः** सप्तमी की प्रातः बेला में राजपुरोहितों ने बेलवरण पूजा स्थल पर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना और हवन किया। यहां वन दुर्गा और 64 योगिनियों को बेल वृक्ष में स्थापित कर आह्वान किया गया। तत्पश्चात गांव के बैगा ने बेल और पीपल के संयुक्त वृक्ष से देवी स्वरूप उतारा और उसे चांदी की थाल में विराजमान कर राजपुरोहितों को सौंपा। यह क्षण पूरे गांव और उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए दैवीय और रोमांचकारी रहा।

**नगर प्रवेश की अनोखी परंपराः** चांदी की थाल में विराजित वन दुर्गा और योगिनियों को लेकर राजपुरोहित और बैगा का दल नगर की ओर बढ़ा। मान्यता है कि इस यात्रा के दौरान थाल को न तो जमीन पर रखा जा सकता है और न ही रोका जा सकता है। यात्रा का हर कदम देवी की इच्छा और शक्ति का प्रतीक होता है। नंगे पैर चलने वाले बैगा और पुरोहित दल चार किलोमीटर की दूरी बिना रुके तय करते हैं। यह कठिन साधना और तपस्वी अनुशासन का अनूठा उदाहरण है।

**नगर में सजे भव्य पंडाल, विराजी मां अंबेः** सप्तमी के अवसर पर नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना का दौर भी शुरू हुआ। श्रीहरि कीर्तन भवन, दरबारी टोली देवी मंडप और सन्ना रोड पर विशाल पंडाल बनाए गए हैं। इन पंडालों को आकर्षक विद्युत सज्जा और शिल्पकला से सजाया गया है। देवी प्रतिमाओं का नगरवासियों ने विधि-विधान से स्वागत कर पूजा-अर्चना आरंभ की।

## जनसेवा अभेद आश्रम नारायणपुर-चिटकवाइन में निकला मां भगवती का डोला

जनसेवा अभेद आश्रम नारायणपुर - चिटकवाइन में आज आस्था का अद्भूत सैलाब दिखा। अवसर था मां भगवती का डोला निकलने का। इसमें शामिल होने दूर दूर से श्रद्धालु नारायणपुर पहुंचे, आश्रम में सप्तमी तिथि के प्रवेश के साथ ही देवी मां का डोला भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से निकाला गया । बाबा उत्साही राम जी ने विशिष्ठ अनुष्ठान, पूजा आराधना की, जिसके बाद भक्तगण मां का डोला लेकर जयकारा लगाते हुए आश्रम प्रांगण से निकले।गौरतलब है कि प्रतिवर्ष जनसेवा अभेद आश्रम नारायणपुर में नवरात्र के उपलक्ष्य में माता रानी का हर्षोल्लास के साथ डोला निकालने की परंपरा है।जिसको पूरे ग्राम में भ्रमण कराया जाता है।

- ढोल, नगाड़ों से गूंजा वनांचल, आस्था का दिखा अद्भूत सैलाब



डोला में शामिल गांव के लोग।

### हरवंश डोला निकलने की है परंपरा

यहां हर वर्ष डोला यात्रा के अवसर पर श्रद्घालुओं की भीड़ जुटती है और यात्रा में शामिल होकर श्रद्घालु खुद को धन्य समझते हैं। सप्तमी तिथि को हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी देवी मां का डोला यात्रा धूमधाम से निकाला गया। पूजा आराधना के बाद विशेष रूप से बने डोला में मां के तस्वीर को स्थापित करने के बाद नारायणपुर आश्रम से यात्रा निकाली गई। ढोल, नगाड़ों सहित विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ जयकारे व संकीर्तन करते हुए श्रद्घालु डोला यात्रा में शामिल हुए।

### श्रद्धालुओं ने शहर का भ्रमण किया डालके साथ

माता रानी का डोला यात्रा नारायणपुर जयस्तम्भ चौक, अटल चौक मुख्य मार्ग, गांव भ्रमण करते हुए पुनः आश्रम में समाप्त हुई जहां पूजा अर्चना के साथ महाआरती की गई। नारायणपुर में माता रानी का स्वागत पुष्प वर्षा करते पूजा आरती कर जगह जगह स्वागत की गई।

### उत्साहित रहे सर्वेश्वरी समूह के अनुयायी

आज सप्तमी में डोला यात्रा को लेकर सर्वेश्वरी अनुयायियों में काफी उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ यहां उमड़ी। संकीर्तन में हर आयु वर्ग के लोगों में उत्साह देखने को मिला ।इस अवसर पर पप्पू जी प्रमोद जी चितरंजन जी गणेश यादव जी अनिल बागे जी उत्तम यादव जी बोधनाथ प्रजापति जी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बच्चे भी यात्रा में सहभागी बनें। इस अवसर पर यात्रा में श्रद्घालुओं को वाद्य यंत्रों के साथ झूमते देखा गया। उल्लेखनीय है कि इस यात्रा में क्षेत्र के सभी वर्गों के सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल होते हैं।

## कछार मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**पत्थलगांव।** कछार मन्दिर में नवरात्र पर्व में भारी संख्या में भक्तों की उमड़ पड़ी है भीड़ दूर दूर से आते है कछार शिवशक्ति मन्दिर में माता रानी से आशीर्वाद मांगने भक्त जैसे जैसे नवरात्र पर्व आगे बढ़ता जा रहा है वे तरह भक्तो की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार को मन्दिर परिसर पूरा भरा रहा आरती पश्चात माता की रसोई का प्रसाद है मुख्य आकर्षण सभी आये भक्तो को बिठाकर परोस कर दिया जाता है माता का रसोई मन्दिर समिति के चिंटू अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को मंदिर में आरती के बाद डांडिया खेला जाएगा नवरात्र पर्व में डांडिया खेलने की परंपरा है। इसके लिए मन्दिर समिति अपनी तैयारी पूरी करने में लगा है।

मन्दिर समिति के गोपाल गोयल ने बताया कि मन्दिर में मनोकामना ज्योत को देखने उनका आशीर्वाद प्राप्त करने सभी भक्त दिन से लेकर रात को लगातार पहुच रहे है। मान्यता है कि मन्दिर में ज्योत जलाए भक्तो की सभी मुरादे माता रानी अवश्य से पूरा करती है। बनारस से आये कछार मन्दिर में पूजन कराने आये चन्द्रवेश्वर मिश्रा ने नवरात्र के सप्तम दिन का महत्व बताते हुए बताया कि नवरात्रि के सप्तम दिन मां कालरात्रि की उपासना का विशेष महत्व है। मां दुर्गा का यह स्वरूप हमें सिखाता है कि श्रद्धा और साहस से हर अंधकार पर विजय पाई जा सकती है। मां कालरात्रि से प्रार्थना है कि उनके आशीर्वाद से हर नकारात्मक शक्ति का नाश हो और समाज में शांति, समरसता और नई ऊर्जा संचार हो देवी भागवत के अनुसार मां कालरात्रि का सातवां स्वरूप कालिका यानी काले रंग का है और माता के विशाल केश चारों दिशाओं में फैले हुए हैं। मां कालरात्रि की चार भुजाएं और तीन नेत्र हैं। देवी भोलेनाथ के अर्द्धनारीशवर रुप को दर्शाती हैं। कालरात्रि मां की चार भुजाओं में खड्ग, कांटा और गले में माला सुशोभित है नवरात्रि के सातवें दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा करने का विधान है। देवी भागवत के अनुसार विधि-पूर्वक



मंदिर परिसर में पूजन-दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु।

देवी की पूजा करने से भूत, प्रेत और बुरी शक्तियों से छुटकारा मिलती है। मान्यता है कि मां के इस स्वरूप से सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। यही कारण है कि तंत्र-मंत्र करने वाले मां कालरात्रि की विशेष रूप से पूजा करते हैं। देवी को शुभंकरी, महायोगीश्वरी और महायोगिनी के नाम से भी जाना जाता है। मां के इस स्वरूप को वीरता और साहस का प्रतीक माना जाता है। माता का रंग काला होने के कारण इन्हें कालरात्रि कहा गया है। आइए जानते हैं नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा कैसे की जाएगी, मंत्र, भोग विधान और आरती मां कालरात्रि की प्रतिमा को लाल कपड़ा के उपर बिराजमान करके षोडशोपचार पूजन करें लाल और नीले पुष्प अर्पित करें गुड से बने मालपुए का भोग लगाएं और प्रार्थना करें ऐसा करने से मान्यता है कि हमारे मनोभिलषित कामना अवश्य पूर्ण हो जाती है।

## मुख्यमंत्री साय ने दी सौगात, 1 करोड़ 65 लाख की लागत से बनेगा विश्राम गृह

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिलेवासियों को एक और बड़ी सौगात दी है।उनकी घोषणा अनुरूप जिले के बागबहार में विश्राम गृह भवन के निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। 1 करोड़ 65 लाख रुपए की राशि इस कार्य हेतु मंजूरी मिली है,जिसका निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही निर्माण कार्य जल्द शुरू की जाएगी।



गौरतलब है कि जिले के फरसाबहार में भी विश्राम गृह निर्माण के लिए 1 करोड़ 72 लाख रुपए मंजूरी मिल चुकी है। बागबहार क्षेत्र के लोगों के लिए लंबे समय से विश्राम गृह की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब इस भवन के निर्माण से न केवल आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी, बल्कि विभिन्न सरकारी-अर्धसरकारी कार्यक्रमों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बाहर से आने वाले मेहमानों के ठहरने की भी उत्तम व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। लगातार सड़कों, पुल-पुलियों, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और जनसुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इसी कड़ी में बागबहार को यह सौगात मिली है, जो आने वाले समय में क्षेत्र के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी।ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बागबहार में विश्राम गृह बनने से क्षेत्र का गौरव बढ़ेगा और स्थानीय लोगों को लंबे समय से चली आ रही सुविधा की कमी पूरी होगी।

### मुख्यमंत्री की घोषणा पर हो रहा है तत्काल अमल

यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा की गई घोषणाओं पर तत्काल अमल हो रहा है। यही कारण है कि जिले में एक के बाद एक विकास कार्यों को मंजूरी मिल रही है और आमजन सीधे तौर पर इसका लाभ मिल रहा है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

### आरोपी भोपाल से गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** शादी का झांसा देकर संबंध बनाने और फिर युवती को गर्भवती कर बच्ची सहित छोड़ भागने वाले आरोपी को जशपुर पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। मामला जशपुर जिले के कुनकुरी क्षेत्र का है। पीड़िता वर्ष 2024 में एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। इसी दौरान उसकी जान-पहचान आरोपी मनोज कुमार पांडे 44 वर्ष, निवासी बराकाला, रघुराज नगर, सतना, म.प्र. से हुई। आरोपी ने शादी का झांसा देकर विश्वास जीता और संबंध बनाए। कुछ दिनों बाद मंदिर में सिंदूर भरकर साथ रहने का नाटक भी किया।



आरोपी

### पुत्री जन्मी, फिर फरार हुआ आरोपी

प्रेम संबंध के दौरान युवती गर्भवती हो गई। आरोपी जनवरी 2025 में युवती को लेकर राजनांदगांव चला गया। वहां 19 अप्रैल 2025 को शासकीय अस्पताल में युवती ने एक पुत्री को जन्म दिया। अस्पताल के दस्तावेजों में पति के नाम पर आरोपी ने ही हस्ताक्षर किए। लेकिन 8 मई 2025 को आरोपी युवती और नवजात बच्ची को छोड़कर फरार हो गया। बाद में पीड़िता को मालूम हुआ कि आरोपी पहले से शादीशुदा है।

### मुखबिर की सूचना पर भोपाल से हुआ गिरफ्तार

पीड़िता की शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव में अपराध दर्ज कर मामला जशपुर पुलिस को सौंपा गया। जांच के दौरान आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी बीच मुखबिर और तकनीकी टीम से पता चला कि वह भोपाल में छिपा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर टीम रवाना हुई और आरोपी को आनंदनगर से पकड़कर जशपुर लाई। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया।

### न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

## धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बगीचा क्षेत्र में हिंदू धर्म और देवी दुर्गा के प्रति अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

थाना बगीचा अंतर्गत ग्राम रेंगोला निवासी गोपाल राम 50 वर्ष पर मंदिर समिति के व्हाट्सऐप ग्रुप में देवी दुर्गा, ब्राह्मण और हिंदू धर्म के खिलाफ अशोभनीय व अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है। इस घटना से बजरंग दल और हिंदू समाज में गहरा आक्रोश पैदा हुआ। 28 सितंबर को प्रार्थी उत्तम कुमार गुप्ता, जो बजरंग दल महादेव डांड के कार्यकर्ता हैं। थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी ने मंदिर समिति के व्हाट्सऐप ग्रुप में आपत्तिजनक पोस्ट करके धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा, बगीचा क्षेत्र में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करती रहेगी।

### पुलिस ने तत्काल की कार्रवाई

प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना बगीचा ने तत्काल आरोपी के खिलाफ बी एन एस की धारा 196(1) व 299 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह को मामले की संवेदनशीलता से अवगत कराते हुए, आरोपी की तत्काल वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने आरोपी गोपाल राम को ग्राम रेंगोला से हिरासत में लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी पुलिस ने जप्त कर लिया।अपराध सबूतों के आधार पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## बिजली बिल वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि और जनहितकारी "बिजली बिल हाफ योजना"को समाप्त करने सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय के खिलाफ युवा कांग्रेस ने विधानसभा कुनकुरी के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला महासचिव जयन्त लकड़ा के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता बिजली विभाग कार्यालय के सामने इकट्ठा हुए और "बिजली चोर गद्दी छोड़"के नारे लगाते हुए सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शनकारियों ने प्रतीकात्मक रूप से बिजली बिल जलाकर सरकार के इस निर्णय के प्रति विरोध जताया।




युवा कांग्रेस जिला महासचिव जयन्त लकड़ा ने कहा –सरकार का यह निर्णय आम जनता, विशेषकर मध्यम और निम्न वर्ग के लिए गंभीर आर्थिक बोझ है। बिजली बिल हाफ योजना जनता के लिए राहत का माध्यम थी, जिसे बिना किसी ठोस कारण समाप्त किया गया। यह सरकार की संवेदनहीनता और जनविरोधी रवैये को दर्शाता है।₹ उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जनता की मांगों को अनसुना किया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

खबर संक्षेप



## सैनिक स्कूल में हुई अंतर्सदन खो-खो में अरिहंत का परचम

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में पहली बार तीन दिवसीय अंतर्सदन खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। सब जूनियर, जूनियर एवं बालिका वर्ग में विभाजित प्रतियोगिता में 12 नॉकआउट मैच खेले गए जिसमें जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग में अरिहंत-विजयंत एवं बालिका वर्ग में विजयंत – पिनाका फाइनल में पहुंचे। फाइनल मुकाबले में सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग में अरिहंत सदन और बालिका वर्ग में विजयंत सदन ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता के समापन उपरांत उप प्राचार्य तथा प्रशासनिक अधिकारी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उप प्राचार्य ने विजेता कैडेटों एवं अरिहंत सदन के पालक प्रकाश तिवारी, विजयंत सदन के पालक अमरेश मणि त्रिपाठी तथा बालिका वर्ग के लिए मधु गुप्ता को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के संचालन तथा निर्णायक का दायित्व सीएचएम निर्मल टोप्पो, हवलदार, रिशपॉल सिंह तथा खेल प्रशिक्षक सुश्री चित्रलेखा साहू ने निभाया।

## 2 वर्षों से मां महामाया की सेवा में लीन है दिव्यांग भोला



**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित मां महामाया मंदिर में विगत 22 वर्षों से निशुल्क सेवा दिव्यांग भोला सिंह (60 वर्ष) दे रहे हैं। चैत्र नवरात्र एवं शारदीय नवरात्र में 9 दिन चाय पर रहते हैं( इस दौरान भी उनके सेवा कार्य में कमी नहीं रहती है जबकि चैत्र नवरात्र एवं शारदीय नवरात्र में कार्य काफी बढ़ जाता है। भक्ति भावना ऐसी है कि सिर्फ चाय पी के सुबह 3 बजे उठ जाते हैं एवं रात्रि में 12 सोते हैं एवं पूरे समय में मंदिर की सेवा में लगे रहते हैं। विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम चिनिया निवासी भोला सिंह विगत 22 वर्षों से प्रतिदिन ठंड, गर्मी, बरसात रामानुजगंज मां महामाया मंदिर में सेवा करने हैं। रामानुजगंज से चिनिया की दूरी 15 किलोमीटर है यदि कोई दो पहिया या चार पहिया वाहन उन्हें मिल जाए तो ठीक पर नहीं तो बिना चप्पलों के पैदल ही मंदिर आते हैं। भोला सिंह बताते हैं की मां महामाया का आशीर्वाद है कि 22 वर्षों से महामाया माई का सेवा कर रहा हूं एवं पूर्णता स्वस्थ हूं। मां महामाया के आशीर्वाद से मुझे कभी कोई कमी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इन 22 वर्षों के दौरान कई मुसीबतें आई लेकिन मां के आशीर्वाद से सब टल गया। अनुसूचित जनजाति के दिव्यांग भोला सिंह की मां महामाया के अनन्य भक्त हैं। बचपन से ही पूजा पाठ में रहे हैं परंतु विगत 22 वर्षों से वह लगातार मां की सेवा में अपना पूरा समय व्यतीत कर रहे हैं।

## छात्राओं ने स्वच्छता को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**अम्बिकापुर।** कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य बीएल साहू के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पूजांजली भगत के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्राओं ने शहर के हृदय स्थल अग्रसेन चौक एवं पुराना बस स्टैंड के चौपाटी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता का प्रचार और प्रसार किया गया। छात्राओं ने आकर्षक मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता के प्रति स्थानीय दुकानदारों व नागरिकों को जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई एवं गंदगी से उत्पन्न होने वाले बीमारियों के बारे में लोगों को अवगत कराया। उपस्थित लोगों ने उत्साह पूर्वक नुक्कड़ नाटक द्वारा प्रदान किए जा रहे संदेशों को अन्य लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कॉलेज के स्वयंसेविकाओं साक्षी गुप्ता, उपासना गोयन, सादिया परवीन ,श्वेता शुक्ला व अन्य द्वारा प्रभावोत्पादक नुक्कड़ नाटक का मंचन कर उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया गया।

## कोरिमा जंगल में जुआ खेलते चार गिरफ्तार, 61 हजार बरामद

अंबिकापुर। जंगल में बैठकर जुआ खेल रहे चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के पास से 61 हजार रुपए नगद बरामद किया है। बताया जा रहा है कि एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जुआ, सट्टा के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में 24 सितम्बर की रात कोतवाली पुलिस को पेट्रोलिंग पर निकली थी। इस दौरान सीएसपी राहुल बंसल को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की कोरिमा जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की टीम ने घेराबंदी कर बौरीपारा निवासी 38 वर्षीय रवि जायसवाल आ. स्व. राजेन्द्र जायसवाल, 44 वर्षीय लालजी प्रसाद जायसवाल आ. स्व. जागो साय, केरता खड़गांव निवासी 32 वर्षीय विक्की लकडा आ. शिव बहाल व खैरबार निवासी 31 वर्षीय दीपक मिंज आ. फ़तेह राम अशोक को हिरासत में लेकर उनके पास से 61 हजार रुपए नगद, 52 ताश पत्ता, 2 नग टोर्च, 1 चटाई जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की है।

### पूजा अर्चना करने ठाकुर देव धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# डांड़गोइहा ठाकुर देव धाम में धूमधाम से मना जिले का पहला दशहरा



मेला में पूजा-अर्चना करने कतार में लगे श्रद्धालु।



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

डांड़गोइहा ठाकुर धाम में धूमधाम से पूजा अर्चना साथ दशहरा पूजा किया गया। ब्लाक, जिले एवं अन्य प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं पूर्जा अर्चना करने पहुंचे। वहीं कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल के परिजन द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि, खुशहाली की कामना की।दूर दराज से आए महिला, पुरुष एक साथ मादर के थाप पर पूरी रात नाचते रहे वहीं तड़के 4 बजे से धाम के बैगा की टीम द्वारा पूजा अर्चना शुरू किया गया।

**खास बात**
- पूरी रात मादर के थाप पर झूमते रहे ग्रामीण

जिले के उदयपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत डांड़गांव में प्रसिद्ध देव स्थल डांड़गोइहा ठाकुर देव धाम हैं। जहां राजतंत्र के जमाने से ही इस देव धाम में जिले में सबसे पहले दशहरा पूजा की शुरुआत होती है। हर वर्ष कुंवार मास के पंचमी के दिन यहां रात्री में कर्मा नृत्य, नाच गाने के साथ ठाकुर देव को प्रसन्न किया जाता है। सुबह भव्य मेले के साथ भोर से ही ठाकुर देव धाम में बड़ी संख्या में ब्लाक जिले सहित प्रदेश के लोग आते हैं दूर दराज से हर दिन ठाकुर देव धाम में अपनी मन्नत मांगने आते हैं। डांड़गोईहा ठाकुर देव धाम में कर्मा, मेला, दशहरा का भव्य आयोजन ठाकुर देव स्थल पर 27 की रात शुरू होकर 28 सितंबर को किया गया था। दिनभर जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों के संख्या में डांड़गोइहा ठाकुर देव धाम में पूजा अर्चना एंव मन्नत मांगने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। इस पूजा एवं परंपरा की शुरुआत राज तंत्र के जमाने से शुरू हुई थी जो आज भी चली आ रही है। कुंवार मास के पंचमी के दिन यहां कर्मा, दशहरे के साथ पूजा अर्चना की जाती है। वैसे तो हर रोज लोग पूजा एवं मन्नत मांगने पूजा अर्चना के लिए आते हैं। लेकिन साल में इस तिथि को विशेष रूप से पूजा अर्चना की जाती है। इस वर्ष भी जिले सहित प्रदेश के अन्य जगहों से भारी संख्या में लगभग 20 से 25 हजार लोग आए हुए थे। जहां ठाकुर देव स्थल के पूरी रात मादर, झांझ के ताल पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे बूढे कर्मा नाचते गाते रहे। जो मनोरम दृश्य देखने लायक होता है ऐसा इस लिए किया जाता है कि नाज गान के बाद ठाकुर देव प्रसन्न होते हैं और जो कोई भी श्रद्धा से मन्नत मांगते हैं तो उनकी मन्नत पूरी होती है। कई बार नेता, मंत्री के अलावा पुलिस प्रशासन भी इस क्षेत्र के बड़े अपराध के सफलता के लिए माथा टेकने आते हैं। इस बार भी दशहरे मेले में सैकड़ों के संख्या में दुकानदार मेले में दुकान लगाने आए थे। किसी प्रकार की कानून व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी रात दल बल के साथ मौके पर डटे रहे।

### पूरा गांव जगमगाया

जैसे ही ठाकुर देव धाम में पूजा का समय आता है उससे पहले ही डांड़गांव के लोग अपने घरों में साफ सफाई कर पूरे गांव में जगमगा देते हैं। बड़े ही धूमधाम से ठाकुर देव धाम को ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाता है। जहां सैकड़ो की संख्या में लोग शाम को ही पहुंचना शुरू कर देते हैं। ठाकुर देव धाम में शिवा राम बैगा एवं उनके टीम द्वारा पूजा अर्चना करवाया जाता है।

### चढ़ाई गई बकरों की बलि

सदियों परम्परा के अनुसार जब लोग अपनी परेशानी लेकर मन्नत मांगने आते हैं और मंनन्त पूरा हो जाता है तो बलि प्रथा के तहत ठाकुर देव के विशेष पूजा के रूप में बलि चढ़ाया जाता है। आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने मन्नत पूरी होने पर दर्जनों बकरों की बलि बैगा द्वारा चढ़ाया गया।

### कैबिनेट मंत्री के परिजन ने की विशेष पूजा अर्चना

स्थानीय विधायक एवं पर्यटन संस्कृति के राजेश अग्रवाल के पुत्र राहुल अग्रवाल, भाई राकेश अग्रवाल सहित भाजपा मंडल उदयपुर के पदाधिकारी कार्यकर्ता ठाकुर देव धाम में मत्था टेक कर विशेष पूजा अर्चना की । साथ ही प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि, खुशहाली की कामना की।



## योजनाओं को घर-घर पहुंचाना प्राथमिकता : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 126 वें संस्करण का प्रसारण आज पूरे प्रदेश में उत्साहपूर्वक सुना गया। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने इसे बीरपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में जनप्रतिनिधियों और आमजन के साथ सुना।

- कहा-मन की बात से मिली नई ऊर्जा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि देश में त्योहारों का शुभ दौर शुरू हो गया है। नवरात्रि, दशहरा, दीपावली और छठ पूजा जैसे पर्व पूरे देश में उल्लास और श्रद्धा से मनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस विजयदशमी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है और संघ के स्वयंसेवक हर संकट की घड़ी में सेवा भाव से कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने असम के लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने गांधी जयंती पर खादी खरीदने और 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती पर उनके योगदान को स्मरण करने की बात कही। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें संस्कृति, परंपरा और राष्ट्र सेवा के महत्व से अवगत कराया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सभी को सीधे प्रधानमंत्री से जोड़ता है और नई प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाना तथा लोगों को लाभान्वित करना हमारी प्राथमिकता है।

### कैबिनेट मंत्री निवास में किया गया मन की बात का श्रवण

**लखनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित मन की बात कार्यक्रम के 126 वें संस्करण का सीधा प्रसारण रविवार को पूरे देश के साथ-साथ लखनपुर मंडल में भी उत्साह और गरिमा के साथ सुना गया। मंत्री निवास में इस कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायी विचारों से लाभान्वित हुए। मंडल लखनपुर के सभी 50 पोलिंग बूथों में भी मन की बात का श्रवण किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, मंत्री प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, यतेन्द्र पाण्डेय, सुरेश साहू, सुरेश जायसवाल, सतनारायण साहू, सुरेन्द्र साहू, शिवराज सिंह, निशांत गुप्ता, अमित बारी, राजेन्द्र गुप्ता, अवधेश यादव, सचिन बारी, महमूद अली, तुलसी रजवाड़े, नरेंद्र सिंह, कृष्णा राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### इंद्रावतीपुर में मंत्री नेताम ने सुना प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात

**रामानुजगंज।** ग्राम इंद्रावतीपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रेरणादायक संबोधन उत्साहपूर्वक सुना गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर मंत्री रामविचार नेताम, रामचंद्रपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष मुद्रिका सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता धरमजीत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने मन की बात को बड़े ध्यानपूर्वक सुना और प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा ली। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में राष्ट्रभक्ति, सेवा भाव और नागरिक कर्तव्यों पर जोर दिया। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन-कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी, जिससे ग्राम वासियों को सरकारी योजनाओं के लाभ और महत्व का बोध हुआ। कार्यक्रम ने ग्रामीणों के बीच नवीन आशा और विश्वास का संचार किया तथा यह संदेश दिया कि सरकार हर नागरिक के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।





## कृषि मंत्री नेताम ने बीमार फुल कुंवरी देवी से की मुलाकात, हुए भावुक

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम अपने गृह ग्राम सनावल प्रवास के दौरान उस समय भावुक हो गए जब उन्हें जानकारी मिली कि गांव की 90 वर्षीय बुजुर्ग फुलकुवरी देवी बीमार हैं। बिना किसी विलंब के मंत्री श्री नेताम धर्मपत्नी पुष्पा नेताम के साथ तुरंत उन्हें देखने पहुंच गए। फुल कुंवरी देवी को देखकर मंत्री नेताम इतने भावुक हो गए कि उन्होंने स्वयं अपने हाथों से उन्हें दूध पिलाया और पुरानी स्मृतियों में खो गए। उन्होंने कहा कि अपनी मां के बाद यदि मैं किसी को मां का दर्जा देता हूं, तो वह फुल कुंवरी देवी ही हैं। मेरा पूरा बचपन इनके आंचल की छांव में बीता है। आज भी वे दिन याद आते हैं तो मन भर आता है। मंत्री नेताम ने बताया कि जब उन्हें गांव में उनके स्वास्थ्य के बारे में पता चला, तो वह खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने कहा यह परिवार हमेशा मेरे सुख-दुख का साथी रहा है। जो आशीर्वाद, स्नेह और आत्मीयता मुझे यहां से मिली है, उसका ऋण जीवनभर नहीं चुका सकता। मुलाकात के दौरान उन्होंने फुल कुंवरि देवी का हालचाल जाना और उन्हें भावनात्मक संबल भी दिया।

## मधुमक्खी पालन के लिए किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के तहत किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल एवं निदेशक डॉ एस एस टुटेजा के निर्देश पर कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता राजमोहनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र अजिरमा डॉ नीलम चौकसे ने मधुमक्खी पालन के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिक राजेश चौकसे ने किसानों को बताया कि हमारे क्षेत्र का माहौल मधुमक्खी पालन के अनुकूल है। प्राकृतिक रूप से यहाँ साल भर मधुमक्खियों के लिए आहार का प्रबंध है। सहायक संचालक अनुसंधान डॉ. के एल पैंकरा ने कहा कि मधुमक्खी पालन समेकित कृषि प्रणाली एक अभिन्न अंग है जिसे अपनाकर किसान वर्ग बिना किसी व्यय के कमाई कर सकते हैं। प्रशिक्षण प्रभारी एवं वैज्ञानिक प्रदीप लकड़ा ने मधुमक्खी पालन कब और कैसे शुरू किया जाए इस बारे में किसानों को विस्तार से बताया। मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ डॉ. सचिन जायसवाल ने मधुमक्खियों के विभिन्न प्रजाति और उनके पारिवारिक संगठन एवं विकास के बारे में जानकारी दी। मधुमक्खी पालन हेतु दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र से कुल 25 महिला पुरुष किसानों ने भाग लिया है। इस दौरान डॉ. शमशेर आलम, प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. एससी पंकज सहित अन्य मौजूद थे।

## बस स्टैंड स्थित अभिनंदन ज्वेलर्स में देर रात सेंधमारी कर आभूषणों की चोरी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार हो रही चोरी की घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है,हाल ही में शुक्रवार की रात को अज्ञात चोरों ने बस स्टैंड स्थित अभिनंदन ज्वेलर्स के पिछले हिस्से की दीवार में सेंधमारी कर दुकान में रखे चांदी के आभूषण और आर्टिफिशियल ज्वेलरी अपने साथ ले गए हैं,दूसरे दिवस शनिवार को जब संचालक अपनी दुकान खोलने पहुंचा तो पाया कि दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर सामान चुरा ले गए हैं,दुकान संचालक प्रार्थी ईश्वर प्रसाद सोनी पिता सहदेव प्रसाद सोनी 48 वर्ष निवासी माइनर्स कॉलोनी बिश्रामपुर की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 305(ए),331(4)के तहत अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।दुकान संचालक ने बताया कि गत 26 सितंबर को घटित चोरी की घटना में दुकान में रखा हूआ 100 ग्राम चांदी कीमती 7 हजार और आर्टिफिसीयल ज्वेलरी बाली,लटकन, कंगन,मंगलसूत्र व अन्य कुल 30 हजार के करीब सामान अपने ले गए हैं,बता दें कि अभी हाल ही में कुम्दा 7-8 खदान से बड़ी मात्रा में चोरों ने केबल काट कर पार कर दिया है,इसके अलावा मुख्य मार्ग स्थित सांवरिया फर्नीचर के तीसरे माले का ग्रिल तोड़कर दुकान में घुसकर अज्ञात बदमाश कई कीमती सामान साथ ले गए हैं,अब एनएच 43 स्थित बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ व चहल पहल वाले नगर के हृदयस्थल मुख्य इलाके से सेंधमारी की घटना को अंजाम देकर अज्ञात चोरों ने पुलिस के समक्ष पुनः चुनौती पेश की है।

- करीब 30 हजार कीमत के चांदी के आभूषण व आर्टिफिशियल ज्वेलरी अपने साथ ले गये अज्ञात बदमाश

## शिविर में बच्चों को पिलाया गया स्वर्णप्राशन ड्रॉप

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के रजत जयंती एवं स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत शुक्रवार को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, गंगापुर में स्वर्णप्राशन ओरिएंटेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन ड्रॉप पिलाया गया।

शिविर में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.बाला जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्णप्राशन ड्रॉप 16 वर्ष तक के बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकसित करता है साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य एवं बुद्धिमता को बढ़ाता है। यह बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। रोगों के संक्रमण की रोकथाम में स्वर्णप्राशन को प्रभावकारी टीका भी माना जाता है। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. डीके जायसवाल ने उपस्थित अभिभावकों को स्वर्णप्राशन से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया तथा 14 अक्टूबर को आयोजित आगामी शिविर में अन्य अभिभावकों को शिविर में बच्चों के साथ उपस्थित होकर उन्हें स्वर्णप्राशन ड्रॉप पिलाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ.दीपा साहू, डॉ.पवन गुप्ता, डॉ.सीमा मेहरा, डॉ.श्रेया यादव, डॉ.ज्योति गुप्ता, डॉ.तरूण साही सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

- जिला आयुर्वेद अस्पताल में 14 अक्टूबर को लगेगा आगामी शिविर

## डीएवी स्कूल में छात्र-परिषद का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर




डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में कक्षा शिक्षकों एवं विषय शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपलब्धियां, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व, व्यवहार आदि विविध मापदंडों के आधार पर चयनित छात्र-परिषद के सदस्यों का 26 सितंबर को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक एवं वरिष्ठ अध्यापक एएम चौबे, पीके वैद्य,वरिष्ठ अध्यापिका अर्पणा मिश्रा एवं चित्रावती मिश्रा द्वारा छात्र परिषद के सभी सदस्यों अंशुमान विशाल को हेड ब्वॉय एवं मैथिली मिश्रा को हेड गर्ल, पीयूष अग्रवाल व मान्यता जायसवाल स्कूल कैप्टन, वैभव राजपूत एवं अनु प्रिया देव को डिसिप्लिन कैप्टन, शुभम मुदलियार एवं श्रद्धा राजवाड़े स्पोर्ट्स कैप्टन, कुशाग्र सरकार एवं अनुष्का सुनील कल्चरल कैप्टन तथा राघवेन्द्र सिंह वाइस हेड ब्वॉय एवं विजयलक्ष्मी वाइस हेड गर्ल, जसकीरत सिंह एवं अक्षिता पाठक वाइस स्कूल कैप्टन, जतिन कुशवाहा एवं एरीना रुखसार वाइस डिसिप्लिन कैप्टन, आयुष राजवाड़े एवं न्यासा जायसवाल वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन, ओम ठाकुर एवं आकांक्षा सिंह वाइस कल्चरल कैप्टन को शेस एवं बैज पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया तीसरी से बारहवीं तक के वर्गवार कक्षा कप्तानों को कक्षा अध्यापकअध्यापिकाओं द्वारा बैज पहनाकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया, प्राचार्य द्वारा सभी सदस्यों को अपने दायित्वों का सत्य,निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु शपथ दिलाई गई, इस अवसर पर संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में कक्षा चौथी के विद्यार्थियों द्वारा मां की महिमा एवं यशोगान पर आधारित गीत प्रस्तुत किया गया,प्राचार्य एचके पाठक ने छात्र-परिषद के सभी सदस्यों एवं कक्षा कप्तान को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक गतिविधियों के अलावा खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्रिया-कलापों का आयोजन किया जाता है, जिससे बच्चो में नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है, उन्होंने सभी सदस्यों को अपने कर्तव्यों को पूरी लगन, समर्पण भावना एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया,स्कूल कैप्टन मान्यता जायसवाल एवं कुशाग्र सरकार,कल्चरल कैप्टन ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में सभी सदस्यों को विद्यालय हित को दृष्टिगत रखते हुए पूर्ण समर्पण भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करने और विद्यालय के नाम को गौरवान्वित करने की बात कही,कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक एलके दास ने किया।

## पुरंजय हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**अंबिकापुर।** समाज सेवा एवं जनकल्याण की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल करते हुए पुरंजय हेल्थ एन्ड एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा 26 सितम्बर को निःशुल्क जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत आरा के आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में आयोजित शिविर में 148 लोगों का निःशुल्क परीक्षण करने के साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सामान्य स्वास्थ्य जांच, सिकल सेल जांच, बीपी, शुगर, नेत्र जांच एवं कैंसर पर जागरूकता जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा शामिल हुई। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता एवं पुरंजय हेल्थ एंड एजुकेशन डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रयास को मानव सेवा के क्षेत्र में उठाया गया एक सराहनीय कदम बताया। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से संजय शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. ख्वाज़ा हसमुद्दीन, डॉ. श्रीवास्तव, नेत्र सहायक विश्वजीत मातवर, इकलाख कुरैशी, सरपंच अचन राम, एमटी अफसरी खातून एवं अन्य मितानिन दीदियों मौजूद थी।





# टॉम ऑल्टर ने लिया था सचिन का पहला इंटरव्यू

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में टॉम ऑल्टर का रुतबा बेहद अलग ही था। वह न केवल एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि खेल पत्रकार भी थे। उन्होंने क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का पहला टीवी इंटरव्यू लिया था। तब सचिन महज 15 साल के थे और उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू भी नहीं किया था। टॉम ऑल्टर की जिंदगी में खेल पत्रकारिता का भी अहम हिस्सा था। 1980 और 1990 के दशक में वे स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट के रूप में काम करते थे। इसी दौरान, उन्होंने सचिन तेंदुलकर का पहला टीवी इंटरव्यू लिया।

## लाइफ Style

# यामी
## पहाड़ी लुक में आईं नजर

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस यामी गौतम हमेशा से अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। पर्दे पर चाहे वह एक मजबूत किरदार निभा रही हों या फिर असल जिंदगी में अपने पहाड़ी अंदाज में नजर आ रही हों, यामी हर बार अपने चाहने वालों का दिल जीत लेती हैं।

यामी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की, जो काफी पसंद की जा रही है। इस तस्वीर में यामी गौतम एक बेहद खुशनुमा सुबह का आनंद लेती नजर आ रही हैं। वह एक खुले बरामदे में बैठी हैं, जहां से पहाड़ों का सुंदर नजारा देखा जा सकता है। उन्होंने लाइट ग्रीन कलर का स्लीवलेस टॉप पहन रखा है, जो उन पर काफी फब रहा है। बिना किसी मेकअप के उनका चेहरा एकदम नेचुरल लग रहा है और उनकी मुस्कान सीधे दिल को छू रही है। उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा है। तस्वीर में यामी के हाथ में एक चाय का कप भी नजर आ रहा है, जिसे देखकर साफ है कि वह इस पल को पूरी तरह एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने इस फोटो के साथ दिल को छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा। उन्होंने लिखा, पहाड़ों में सुबह की धूप, हाथ में चाय और दिल में आभार... 'हक' टीजर को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद आपका।

बता दें कि हाल ही में फिल्म 'हक' का टीजर जारी किया गया था, जिसमें यामी गौतम एक सशक्त और जुझारू महिला शाह बानो के किरदार में दिखी, जो अपने हक के लिए अदालत की लड़ाई लड़ रही हैं। वहीं, इमरान हाशमी उनके पति मोहम्मद अहमद खान की भूमिका में दिखाई दिए।



## हॉलीवुड मसाला



# शेयर की बेटी की प्यारी तस्वीरें

**लॉस एंजेलिस।** रिहाना और रैपर रॉकी ने अपनी नन्ही परी का नाम रॉकी आयरिश मेयर्स रखा है। रिहाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के साथ दो प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपनी बेटी को गुलाबी कंबल में लिपटाए प्यार से गोद में लिए नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में दो छोटे बॉक्सिंग ग्लव्स दिखाई दे रहे हैं, जिसमें एक गुलाबी रिबन भी लगा हुआ है। बता दें कि रिहाना और रॉकी की पहली मुलाकात 2012 में एमटीवी म्यूज़िक वीडियो अवार्ड्स के रिहर्सल के दौरान हुई थी।



# सेलेना बनीं बेनी ब्लैंको की दुल्हन

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की जानी मानी सिंगर सेलेना गोमेज ने 33 साल की उम्र में अपने ब्वॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंको के साथ शादी कर ली है। उनकी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। सेलेना गोमेज ने अपने इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए फैंस को ये गुड न्यूज दी है। वहीं सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही सेलेना की शादी की फोटोज वायरल हो गईं। इन तस्वीरों में सेलेना और बेनी एक दूसरे पर प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। अब इंडस्ट्री के फ्रेंड्स से लेकर फैंस तक सेलेना और बेनी ब्लैंको को शादी की शुभकामनाएं और बधाई दे रहे हैं। सेलेना और बेनी ब्लैंको ने क्रिश्चियन रीति-रिवाज के अनुसार शादी के बंधन में बंधे हैं। दुल्हन बनी सेलेना व्हाइट वेडिंग गाउन में बहुत ही खूबसूरत और लाजवाब दिख रही हैं।



# बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं रुक्मिणी

**मुंबई।** अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत की आने वाली फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' का ट्रेलर कुछ समय पहले रिलीज हुआ था। वह इस फिल्म में राजकुमारी कनकवती के किरदार में दिखाई देंगी। अभिनेत्री रुक्मिणी ने बताया कि वह बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं। उन्होंने करण जौहर या दूसरे किसी बड़े बॉलीवुड फिल्म निर्माता के साथ काम करने की भी हसरत जाहिर की है। जब रुक्मिणी से पूछा गया कि क्या वह बॉलीवुड में अवसर तलाशना चाहेंगी, तो इसका जवाब देते हुए रुक्मिणी ने कहा, "बिल्कुल, धर्मा प्रोडक्शंस उस क्लासिक सिनेमा का प्रतीक रहा है, जिसे हम सभी पसंद करते हैं। अगर मुझे मौका मिला, तो मैं उनके साथ काम करना जरूर चाहूंगी। भविष्य में क्या होगा, यह तो मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे उम्मीद है कि मुझे वहां काम करने का अवसर मिलेगा।



# तीसरे दिन ओजी की धाकड़ कमाई

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर पवन कल्याण की फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' ने आते ही तहलका मचा दिया है। फिल्म ने सिर्फ तीन दिनों के अंदर बंपर कलेक्शन कर दिखाया है। इस साल 2025 में रिलीज हुई फिल्मों में बहुत कम बार देखने को मिला है, जब किसी फिल्म ने दूसरे या तीसरे दिन में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। पवन कल्याण और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने प्री-रिलीज में 21 करोड़ रुपए कमाए थे। रिलीज के पहले दिन इसने 63.75 करोड़ रुपए से बंपर ओपनिंग ली। शनिवार को फिल्म ने 18.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया था और रविवार को फिल्म ने 13.87 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।

## टीवी मसाला

# जेंडर नहीं, कला मायने रखती है: आसिफ शेख

**मुंबई।** पॉपुलर टीवी कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' से विभूति नारायण मिश्रा के नाम से घर- घर में पहचाने बनाने वाले आसिफ शेख इंडियन टेलीविजन शो के वर्सेटाइल एक्टर्स में से एक हैं। इस शो ने उनकी पॉपुलैरिटी को एक नया मुकाम दिया है। अब तक वह शो में करीब 350 अलग-अलग किरदार निभा चुके हैं, जिनमें से 35 फीमेल किरदार हैं, जिनकी उम्र 21 से 80 साल के बीच है। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में खुलकर बात की



वह खुद को इन किरदारों के लिए कैसे तैयार करते हैं। आशिफ शेख ने बताया कि हर किरदार के लिए उन्हें बहुत तैयारी करनी पड़ती है और उनके लिए किरदार निभाने में जेंडर कभी मायने नहीं रखता। आशिफ ने बताया कि जब शो शुरू हुआ था तब मेकर्स ने उनके रोल को लेकर काफी सोच- विचार किया था। बाद में धीरे धीरे उन्होंने आसिफ के किरदार के साथ नए-नए एक्सपेरिमेंट किए और उन्हें दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पांस भी मिलने लगे। आसिफ का कहना है कि वह अपने डायरेक्टर्स और राइटर्स का शुक्रगुजार हैं क्योंकि उन्होंने आसिफ पर भरोसा किया। आगे वह कहते हैं कि वह अब तक शो में 35 से ज्यादा महिला किरदार निभा चुके हैं। उनके लिए एक किरदार सिर्फ किरदार है, उन्हें इससे फर्क नहीं पड़ता कि रोल किसी लड़के का है या किसी लड़की का।

# मां दुर्गा पूजा में इमोशनल हुईं रानी और तनीषा काजोल ने निभाया बड़ी बहन का फर्ज

**मुंबई।** पूरे देश में इस वक्त शारदीय नवरात्रि की धूम देखने को मिल रही है। इसी बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल और रानी मुखर्जी ने हर साल की तरह इस साल भी मुंबई में मां दुर्गा का भव्य पंडाल लगवाया। इस दौरान काजोल और रानी फुल ट्रेडिशनल अवतार में सजी-धजी नजर आईं। लेकिन इस साल की दुर्गा पूजा मुखर्जी परिवार के लिए काफी इमोशनल रही। ऐसा इसलिए है क्योंकि काजोल के प्यारे काका और अयान मुखर्जी के



पिता देव मुखर्जी अब इस दुनिया में नहीं रहे। ऐसे में पूजा के दौरान काजोल, रानी, तनीषा और अयान मुखर्जी के आंसू रुक नहीं रहे थे। दूर्गा पूजा के दौरान की कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसमें काजोल, रानी, शर्बानी और तनीषा मुखर्जी अपने चाचा और ताऊ देव मुखर्जी और रानू मुखर्जी को याद कर इमोशनल होती हुई दिखाई दी। तीनों को देखकर उनके कजिन और फिल्ममेकर आयान मुखर्जी भी इमोशनल होते हुए नजर आए और पिता देव मुखर्जी की याद में उनके भी आंसू छलक आए।

## फिल्म 'द राजा साहब' का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली प्रभास की आने वाली फिल्म 'द राजा साहब' का नया पोस्टर रिलीज हुआ है। इसमें प्रभास के साथ संजय दत्त भी हैं। इस पोस्टर में संजय दत्त का लुक काफी अलग है। मेकर्स ने नए पोस्टर के साथ फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। 'द राजा साहब' का ट्रेलर 29 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर सोमवार शाम 6 बजे रिवील किया जाएगा। ये



खबर सुनते ही फैन्स खुश हो गए हैं और प्रभास की पोस्ट पर कमेंट्स कर रहे हैं। डायरेक्टर मारुती की ये फिल्म पहले इसी साल 5 दिसंबर को रिलीज होनी थी, लेकिन मेकर्स अब इसे 2026 में रिलीज करने के मूड में हैं। उनका कहना है कि मूवी के पोस्ट प्रोडक्शन का काफी काम बचा है, इसकी वजह से रिलीज को पोस्टपोन कर दिया गया है। राजा साब तेलुगु रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसे पीपल मीडिया फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है।

# डांस-योगा करके खुद को हेल्दी रखती हैं मौनी

**मुंबई।** टीवी सीरियलों के साथ बॉलीवुड फिल्मों में अपना जलवा बिखेर रही मौनी रॉय को लेकर उनकी उम्र में कोई भी अंदाजा नहीं लग सकता है। उन्होंने खुद को इस तरह मेंनेट करके रखा है कि वे 40 में भी 20 साल की ही नजर आती हैं। वैसे, अपनी खूबसूरती और स्मिल फिगर को बनाएं रखने के लिए वे कई नुस्खे आजमाती हैं। खुद को फिट रखने के लिए वे काफी मेहनत भी करती हैं। मौनी रॉय खुद को फिट रखने के लिए अलग-अलग तरीके से वर्कआउट करती हैं। वे जिम में कम समय बीताती है और डांस-योगा करके खुद को हेल्दी रखती हैं। वे अपनी डाइट पर सबसे ज्यादा ध्यान देती हैं। वैसे, उन्हें जंक फूड खाना पसंद है, लेकिन हेल्थ के लिए वे खुद पर कंट्रोल रखती हैं और ऐसे खाने से दूर रहती है। मौनी फिट रहने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट डांस करती हैं। इसके साथ वे खुद को फिजिकली और मेंटली फिट रखने के लिए योगा करती हैं। वे जिम में ज्यादा वर्कआउट नहीं करती, लेकिन वेट ट्रेनिंग जरूर लेती हैं। मांसपेशियों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने के लिए वे स्ट्रेचिंग पर भी खास ध्यान देती हैं। मौनी टीवी की हाईएस्ट पेड़ एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने करियर की शुरुआत 2006 में सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी से की थी।



## आज भले ही वह हमारे बीच न हो, लेकिन गाने अब भी लोगों की जुबान पर

# रंग दे बसंती' गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान 8-10 घंटे तक खड़ी रही थीं स्वर कोकिला

***मुंबई।** दिवंगत महान गायिका लता मंगेशकर बॉलीवुड की बेहतरीन सिंगर्स में से एक रही हैं। उन्होंने अपनी आवाज के जरिए लाखों लोगों के दिल पर राज किया। आज भले ही वह हमारे बीच न हो, लेकिन उनके गाने अब भी लोगों की जुबान पर है। आज 28 सितंबर को उनकी 96वीं बर्थ एनिवर्सरी है। ऐसे में चलिए हम आपको उनकी प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ा एक किस्सा बताते हैं, जिसे फिल्ममेकर राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने शेयर किया था। दरअसल, यह किस्सा फिल्म 'रंग दे बसंती' से जुड़ा है, जो साल 2006 में रिलीज हुई थी और यह बॉलीवुड की हिट फिल्मों में से एक रही है। फिल्म की कहानी के साथ-साथ इसके गानों को भी लोगों ने काफी पसंद किया था। मूवी में 'लुका छुपी' नाम का एक इमोशनल सॉन्ग भी था, जिसे स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी। फिल्ममेकर ने इसी गाने से जुड़ा किस्सा शेयर किया था। चलिए बताते हैं कि आखिर वह क्या है।*

### रिकॉर्डिंग से पहले करती थीं गाने की रिहर्सल

राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने बताया था, "लता जी ने गाने की रिहर्सल की, यही उनकी महानता है। उन्होंने मुझे फोन किया और पूछा कि क्या वे गाना रिकॉर्ड करने के लिए चेन्नई जा सकती हैं। फिर मैंने उन्हें बताया कि रहमान उनके साथ इसे रिकॉर्ड करने के लिए मुंबई आएंगे, लेकिन गायिका ने चेन्नई जाने पर जोर दिया। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं उनके साथ जाऊं तो अच्छा रहेगा।



### बहुत विनम्र थी

मेहरा ने आगे बताया, वह बहुत विनम्र थीं। तीन दिन पहले वहां गईं और एयरपोर्ट से सीधे स्टूडियो चली गईं। इसके बाद एआर रहमान ने उनका स्वागत किया और गायिका ने रचना सुनी। लता मंगेशकर ने कहा कि उन्हें गाना कैसेट में दिया जाए, ताकि वे उसका रिहर्सल कर सकें। फिर जब वह चौथे दिन रिकॉर्डिंग के लिए आईं, तो उन्होंने गाना गाते समय खड़े रहने पर जोर दिया। उन्होंने रहमान के साथ गाना, जैमिंग शुरू कर दी और फिर 8-10 घंटे तक बैठने से इनकार कर दिया और गाना पूरा होने तक खड़ी रहीं।"

# वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में जशप्योर उत्पाद महुआ और मिलेट्स को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में जनजातीय महिलाओं के उत्थान के लिए जशप्योर ब्रांड के तहत स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दिया जा रहा है। ताकि जनजाजीय समूह के महिलाएं स्थानीय स्तर के चीजों और वस्तुओं का उपयोग कर अपने हाथों से बनाए उत्पादों के विक्रय से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके।

इसी के तहत भारत मंडपम नई दिल्ली में 25 से 28 सितम्बर 2025 तक आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में जशप्योर ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। जशपुर से निकला यह ब्रांड अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आदिवासी महिलाओं की मेहनत और नवाचार का प्रतीक बन चुका है।



कभी केवल शराब की पहचान तक सीमित रहने वाले महुआ की छवि अब धीरे-धीरे बदल रही है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच से महुआ से विभिन्न खाद्य सामग्री तैयार की जा रही है जो आज महुआ को सुपरफूड के रूप में तैयार किया जा रहा है और इसे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रतीक के रूप में सराहना मिल रही है। जशप्योर द्वारा प्रदर्शित किए गए महुआ को इसके पोषण मूल्य और दूध, मिठाइयों व पेय पदार्थों में प्राकृतिक स्वीटनर के रूप में उपयोग के लिए विशेष सराहना मिली। इसी प्रकार महुआ आधारित च्यवनप्राश को इसके अनूठे स्वास्थ्य लाभ और आधुनिक समय की जरूरतों के अनुरूप नवाचार के लिए व्यापक प्रशंसा प्राप्त हुई। इसके साथ ही महुआ चाय, कुकीज़ और एनर्जी स्नैक्स भी आकर्षण के केंद्र बने।

## मिलेट्स और विविधता का प्रदर्शन

महुआ के साथ-साथ जशपुर के पारंपरिक लिटिल मिलेट (कुटकी), कोदो और बकव्हीट से बने उत्पाद में 15 से अधिक वैरायटी के मिलेट पास्ता, पौष्टिक स्नैक्स और बेकरी प्रोडक्ट्स ने आगंतुकों को आकर्षित किया और यह साबित किया कि ये अनाज भविष्य के सुपरफूड हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों की सराहना प्रदर्शनी में कई देशों से आए डेलिगेट्स ने जशपुर की आदिवासी महिलाओं की मेहनत को सराहा। विशेष रूप से एस्वातिनी के कृषि मंत्री और कृषि निदेशक ने महुवा नेक्टर का स्वाद चखकर इसकी गुणवत्ता और नवाचार की प्रशंसा की और कहा कि यह वैश्विक स्तर पर पोषण और सेहत की नई पहचान बना सकता है। जशप्योर के पीछे खड़ी हैं जशपुर की आदिवासी महिला उद्यमी, जो जय जंगल एफपीसी के तहत काम कर रही हैं। उन्होंने फ़ूड-ग्रेड हार्वेस्टिंग, स्वच्छ और वैज्ञानिक प्रोसेसिंग के जरिए महुआ और मिलेट्स को आधुनिक सुपरफूड्स में बदल दिया है। उनकी मेहनत और नवाचार ने जशपुर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नई पहचान दिलाई है। खाद्य प्रसंस्करण सलाहकार समर्थ जैन ने बताया कि महुआ अब केवल परंपरा या शराब की पहचान तक सीमित नहीं है। धीरे-धीरे यह अपनी असली पहचान एक जनजातीय सुपरफ़ूड के रूप में पा रहा है। हमारी कोशिश है कि इसे वैज्ञानिक और आधुनिक स्वरूप में पूरी दुनिया तक पहुंचाया जाए। वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में जशप्योर की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि जब परंपरा, मेहनत और नवाचार महिलाओं की शक्ति और मुख्यमंत्री की दृष्टि से मिलते हैं, तो जंगलों और गांवों की कहानियां भी दुनिया तक गूंज सकती हैं। जशप्योर महुआ और मिलेट्स को शराब की पहचान से हटाकर पोषण और खाद्य की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप

### आरजीटीए की मांग का असर खोले गए राष्ट्रीय राजमार्ग



**राउरकेला।** बीते कई वर्षों से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत देव गांव तरकेरा मंदिर निकट प्रतिबंधित मार्ग के उपर से हाई टेंशन तार हटाने के बाद आम जनता के लिए खोल दिया गया है। एनएच के इस कदम से स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है और क्षेत्रवासियों को आने जाने में विशेष सुविधा प्राप्त हुई है। विशेषकर तरकेरा मंदिर के भक्तजन इस पहल से बहुत प्रसन्न हैं। पहले सब्सटिट्यूट मार्ग एनएच के नीचे से के उपयोग के कारण दिनभर धूल मिट्टी उड़ती थी, जिससे न केवल यात्रियों को परेशानी होती थी बल्कि मंदिर की साफ सफाई में भी दिक्कतें आती थीं। राष्ट्रीय राजमार्ग खुलने के बाद स्थानीय और राष्ट्रीय मार्ग पर चलने वाले सभी वाहनों को सुगमता से आवागमन करने का अवसर मिला है। राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्ट संगठन के महासचिव मानस महंती और राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के परिवहन सचिव मोहम्मद सलीम ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के स्थानीय अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही हाई टेंशन विद्युत तारों को हटाने के बाद मार्ग पर गुजरने वाले लोगों के लिए जोखिम भरा माहौल भी समाप्त हो गया है। स्थानीय लोग इसे क्षेत्र के विकास और सुरक्षित आवागमन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मान रहे हैं।

### मंदिर से गहने चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**कोसीर।** मंदिर में गहने चोरी करने वाले आरोपी को 24 घंटे के भीतर कोसीर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी से एक तोला सोने का हार व सोने की माला कुल कीमती 1 लाख 20 हजार रुपए को जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी भूलोचन रत्नाकर पिता शंकर रत्नाकर उम्र 24 साल ग्राम पाट थाना कोसीर जिला सारंगढ बिलाईगढ का रहने वाला है। दरअसल प्रार्थी भारसिंह यादव पिता गणेश राम यादव 60 साल निवासी पाट ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 सितंबर की रात करीब 1 बजे ग्राम पाट मां दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति में पहने 1 तोला सोने का हार व 1 नग सोने की माला को अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। घटन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। इसी बीच पुलिस को मुखिबर से सूचना मिली कि ग्राम पाट का भूलोचन रत्नाकर पिता शंकर रत्नाकर के द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया है।

### प्रधानमंत्री को विकास का तोहफा देने के लिए धन्यवादः प्रदेश अध्यक्ष एनसीपी

**राउरकेला।** प्रधानमंत्री द्वारा पुर्वोदय पहल के तहत ओडिशा हमेशा विकास के केंद्र में रहा है। वैश्वीकरण में झारसुगुड़ा दौरे पर माननीय प्रधानमंत्री का आगमन हुआ। उनकी दृष्टि व मार्गदर्शन में राज्य तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है व नित नए आयाम गढ़ रहा है। नवरात्रि और दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री ने ओडिशा का दौरा किया और एक श्रृंखला में विकास परियोजनाओं की घोषणा की। जिनमें प्रमुख रूप से बरहमपुर से सूरत तक नई अमृत भारत एक्सप्रेस, विश्व स्तरीय कौशल विकास परियोजना, नई सेमीकंडक्टर पार्क, एमकेसीजी बरहमपुर और वीआईएमएसएआर बुर्ला को सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अपग्रेडएगंजाम जिले में पोर्ट आधारित एसईजेड की स्थापना एंव अंत्योदय आवास के लिए 50,000 लाभार्थियों को कार्य आदेश वितरण शामिल है।

### देश पॉलिसी पैरालिसिस से बाहर आया : ओपी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने मीडिया को दिए बयान में कहा मोदी का नेतृत्व केवल अच्छी नीतियाँ बनाने तक ही सीमित नहीं है बल्कि नीतियों का बेहतर क्रियान्वयन सरकार की पहली प्राथमिकता है। प्रगति पोर्टल को मिशाल बताते हुए मंत्री ओपी ने कहा रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा क्षेत्र जैसे सभी महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को सूचीबद्ध कर स्वयं प्रधान मंत्री जी मुख्य सचिवों के साथ कार्यों की समीक्षा करते हैं। आजादी के बाद दशकों तक अधूरी पड़ी सरदार सरोवर परियोजना का स्मरण कराते हुए कहा इस परियोजना का भूमिपूजन नेहरू जी ने किया था लेकिन नीतियों के अभाव की वजह से दशकों तक यह परियोजना अधूरी पड़ी रही। इस महत्पूर्ण परियोजना को पूरा करवाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया। सरदार सरोवर परियोजना की तरह अधूरी पड़ी हजारों करोड़ रुपयों की वर्षों से अटके हुए सिंचाई प्रोजेक्ट्स को भी पूरा करने का काम मोदी सरकार ने किया हैं।

### केंद्रीय छठ पूजा समिति की बैठक संपन्न

**राउरकेला।** हिंदी भाषाओं के सबसे बड़े पर्व छठ पर्व को केंद्रित कर केंद्रीय छठ पूजा समिति की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राउरकेला व आसपास के के विभिन्न छठ घाटों पर सेवा कार्य करने वाले संगठन के सदस्य उपस्थित हुए और सर्वसम्मति से दूत के संयोजक कृष्णा साहू को कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया और उनके साथ सह कोर्डिनेटर का चुनाव अगले बैठक तक के लिए टाल दिया गया।

# जिले के आशा, डॉन यूनिट, जिला साथी जागृति इकाई एवं संवाद यूनिट के सदस्यों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर जागृति, डॉन, संवाद, साथी एवं आशा इकाई का गठन किया गया है।

जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में आज जिले के समस्त आशा यूनिट, डॉन यूनिट, जिला साथी इकाई, जागृति इकाई एवं संवाद यूनिट के सदस्यों का बैठक आयोजन हुआ। जिला न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू द्वारा नालसा योजनाओं के अंतर्गत सर्वेक्षण एवं पहचान कानूनी जागरूकता फैलाना, कानूनी सहायता, सलाह निगरानी एवं पुनर्वास के संबंध में समीक्षा की गई। इस बैठक में उपस्थित विभागों के अधिकारियों को नालसा योजनाओं के अंतर्गत विभागों के समन्वय से प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जाना है। आशा अंतर्गत जागरूकता, समर्थन, सहायता एवं कार्यवाही, नालसा योजनांतर्गत डॉन के अंतर्गत डॉन इकाई का



मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं नशामुक्ति के संबंध में जागरूकता अभियान चलाना तथा नशे से पीडित व्यक्ति को नशे से मुक्ति हेतु नशा मुक्ति केन्द्र जाने हेतु प्रोत्साहित करना है। साथ ही नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाईन नंबर 1933 एवं 14446 एवं नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 का प्रचार प्रसार करना, स्कूल कॉलेज, सड़कों पर रहने वाले बच्चे, सेक्स वर्कर, जेल, किशोर गृह, केमिस्ट ड्रग पीड़ित व्यक्ति एवं उनके परिवारों, आम जनता के मध्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है। ₹संवाद इकाई₹ का मुख्य कार्य जनजाति समुदाय क्षेत्रों की पहचान कर उनके मध्य विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है।

उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पत्थलगांव, अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति कुनकुरी एवं. अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति बगीचा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जशपुर श्रीमती सरोजनी जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जशपुर न्यायालय के अति न्यायाधीश जशपुर, कलेक्टर रोहित व्यास, श्रीमती सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर क्रांति कुमार सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी जशपुर, शशि मोहन सिंह, पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री प्रदीप कुमार साहू अपर कलेक्टर जशपुर श्रीमती मंजूलता बाज, उप पुलिस अधीक्षक जशपुर किशोर केरकेट्टा, सहायक संचालक, शिक्षा विभाग जशपुर चंद्रशेखर यादव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी जशपुर योगेश्वर उपाध्याय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जशपुर डॉ अबरार खान, साइकोलॉलिस्ट, जिला चिकित्सालय जशपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जशपुर जिला ड्रग्स कंट्रोल अधिकारी जशपुर अनुप टोप्पो, ब्रांच मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक जशपुर सुदेश गुप्ता, चीफ लीगल एड डिफेंस कौसिल सिस्टम जशपुर, विपिन मिश्रा, लोक अभियोजक जशपुर प्रताप चंद तिग्गा, पैनल अधिवक्ता जशपुर कु प्रतिमा प्रधान अधिकार मित्र जशपुर निरंतर कुजूर, अधिकार मित्र जशपुर एवं श्री निरंजन एक्का, अधिकार मित्र जशपुर उपस्थित रहें।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतिभा खोज परीक्षा हेतु जशपुर जिले के विद्यार्थी उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विद्यार्थी विज्ञान मंथन जो कि भारत की सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा है, के रजिस्ट्रेशन में जशपुर जिले ने शानदार उत्साह दिखाते हुए 4000 से अधिक छात्रों का रजिस्ट्रेशन कर बिलासपुर, रायपुर जैसे जिलों को भी पीछे छोड़ दिया है।

उल्लेखनीय है कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन की 4 स्तरीय परीक्षा अक्टूबर के महीने में आयोजित होने वाली है, जिसके दो चरण ऑनलाइन तरीके से और दो, जो कि प्रांतीय और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाएंगे ,जिसमें छात्रों से विज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों का योगदान विषय पर प्रश्न पूछे जाएंगे। विजेता छात्रों को सर्टिफिकेट, कैश प्राइज, छात्रवृत्ति जैसे लाभ होंगे, साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर विजेता छात्रों को इसरो डीआरडीओ जैसे संस्थाओं में विजिट का अवसर प्राप्त होगा। इस हेतु के पत्र, एस सी आर टी, एन सी आर टी, केंद्रीय विद्यालय संस्थान, विद्या भारती जैसे संस्थानों ने अपनी संबद्ध संस्थाओं हेतु जारी किए गए थे। सबसे खास बात यह रही कि, जशपुर जिले के कलेक्टर रोहित व्यास के आह्वान पर जिले भर के शिक्षकों ने अथक परिश्रम कर अधिकाधिक छात्रों के रजिस्ट्रेशन का अभियान चलाए तथा पूरे प्रदेश में सबसे आगे रहे जो जिले में विज्ञान के उज्जवल भविष्य को रेखांकित करता है। विज्ञान भारती के प्रदेश महासचिव वर प्रसाद ओला तथा विज्ञान मंथन के प्रदेश संयोजक गौरव वर्मा ने भी जशपुर जिले को पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बताया। विद्यार्थी विज्ञान मंथन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर विवेक पाठक ने बताया कि मुख्य मंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर विज्ञान गतिविधियों का केंद्र बन रहा है, यहां के छात्र आसमान छूने की बेताब हैं ।इस तरह का कोई भी अवसर मिलने पर यहां के छात्र हमेशा अपने उत्साह को प्रदर्शित करते हैं। यह परीक्षा तो मात्र एक उदाहरण है।

## स्वच्छता पखवाड़ा व रजत जयंती पर कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** स्वच्छता पखवाड़ा एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला में 17 सितम्बर से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य श्रीमती विनय प्रभा खलखो और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद रईसुल हसन खान के मार्गदर्शन में एनएसएस स्वयं सेवकों व विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, समतलीकरण और गोद ग्राम मिर्धाडाँड़ में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया।

शिक्षकों और विद्यार्थियों ने 'स्वच्छता ही सेवा है और 'स्वच्छोत्सव' थीम पर जागरूकता रैली निकाली। नारे लगाते बच्चों की मानव श्रृंखला से पूरा वातावरण गूंज उठा। सभी ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में "एक पौधा मां के नाम" अभियान भी चलाया गया, जिसमें स्वयं सेवकों ने पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा के लिए घेराव भी किया।



साथ ही नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध, चित्रकला, भाषण, रंगोली और क्विज प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रम लगातार आयोजित हो रहे हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मो रईसुल हसन खान ने कहा, "स्वच्छ और स्वस्थ जीवन के लिए सबसे पहले विचारों की स्वच्छता जरूरी है।" उन्होंने स्वच्छता के महत्व और पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इन गतिविधियों की सफलता में व्याख्याता ब्लारमी तिर्की, सुमति चौहान, ममता टोप्पो, विज्ञान प्रयोगशाला सहायक रीना मांझी सहित पूरे स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## चोंगरीबहार में निकली विशाल कलश यात्रा

**जशपुरनगर।** नवरात्रि पर्व पर जिलेभर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में चोंगरीबहार में रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल हुईं।

उनकी उपस्थिति से श्रद्धालुओं का उत्साह दोगुना हो गया।कलश यात्रा का शुभारंभ विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना से किया गया। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, युवतियां और श्रद्धालु कलश सिर पर धारण कर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह मां भवानी की झांकी सजाई गई थी, जहां श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर आरती उतारी और माता रानी के जयकारे लगाए।



चोंगरीबहार की गलियां भक्ति-संगीत, ढोल-नगाड़े और देवी गीतों से गूंज उठीं।

इस अवसर पर कई धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी अधिक भक्तिमय बना दिया।श्रीमती कौशल्या साय ने माता रानी से प्रदेश की खुशहाली, सुख-समृद्धि और हर परिवार के मंगल की कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि नवरात्रि जैसे पर्व हमें मातृ शक्ति की आराधना और सकारात्मक ऊर्जा से जुड़ने का संदेश देते हैं।

# बिलाईगढ़ पहुंच व नगर का मुख्य मार्ग ज़र्जर

**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ के मुख्य मार्ग सड़क काफी जर्जर स्थिति में है। इस सड़क में जगह-जगह गड्ढे हैं और उनमें कीचड. भर गया है। जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल बच्चों को हो रही है।

इस जर्जर सड़क की सुध लेने में जिम्मेदार अधिकारी, प्रतिनिधि भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जिससे दिनोंदिन सड़क की हालत बद से बदतर होती जा रही है। ऐसी बात नहीं है कि इसकी जानकारी अधिकारियों को नहीं है, वो भी इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन उनकी चुप्पी समझ से परे है। कहने को तो सारंगढ़ बिलाईगढ़ सयुंक्त जिला बन गया है, लेकिन धरातल में कुछ कुछ भी नहीं है। जर्जर सड़क के जानलेवा गड्ढों में रोजाना लोग गिर कर घायल हो रहे हैं। इसके अलावा पवनी से बिलाईगढ, दुम्हानी से बिलाईगढ, बांसुरकुली चौक से लेकर बिलाईगढ़ नगर के मुख्य सड़क भी अति जर्जर



स्थिति में है। कई जगह तो सड़क डबरी में तब्दील हो गया है। हाल ही में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा की बिलाईगढ आगमन पर अधिकारी के द्वारा गड्ढों में मरहम भरने का काम किया गया था, लेकिन कुछ दिन

# उन्मुक्त वातावरण में परिवहन की व्यवस्था जारी रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

परिवहन की समस्याओं को लेकर राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन की बैठक में विभिन्न सदस्यों ने शहर एवं आसपास की परिवहन संबंधित व्यवसायियों के द्वारा रोष प्रकट किया गया। जिसमें खुले तौर पर एक सिंडिकेट के द्वारा उन्मुक्त रूप से टैक्स वसूला जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर राजकुमार यादव ने कहा कि आमतौर पर जहां परिवहन व्यवसाय में कार्य करने के लिए बैंक से विभिन्न प्रकार के ऋण लेकर एक से दो प्रतिशत की भी कमाई नहीं हो पा रही है वहीं बिना लागत के ही एक सिंडिकेट बनाकर विभिन्न यूनियननों के आड़ में वसूली का खुला खेल जारी है। जिससे राउरकेला जैसी लोहा मंडी से ऊंचे परिवहन दर के कारण बाजार खिसककर क्योझर, रायगढ़, झारसुगुड़ा व बरही जैसे बाजार को स्थानांतरित हो चुकी है। इस विषय पर लिखित रूप से प्रशासन को शिकायत पेश कर जरूरी कार्रवाई के लिए निवेदन का निर्णय लिया गया। विभिन्न स्तरों पर संलग्न विभागों को पत्र द्वारा इसकी सूचना जारी करते हुए इसे समाप्त करने की अपील की जाएगी। ज्ञात हो कि राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन समस्त भारत में परिवहन के कार्यादेश को दशकों से बखूबी निभाता आ रहा है, लेकिन बीते तीन चार वर्षों में कुछ यूनियनों का एक सिंडिकेट के रूप में परिवर्तित कर अनैतिक तरीके से व्यापारियों को डरा धमका कर स्थानीय यूनियन के नाम पर बाहरी गाड़ियों को सदस्य बना कर स्थानीय गाड़ियों के हक की बात रखकर प्रतिदिन 200 से 300 विभिन्न संयंत्र ट्रेड व्यवसाईयों से सीधे तौर पर वसूली किया जा रहा है।




पृष्ठ 1 का शेष

## वन दुर्गा और 64 ...

सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रतीक बन गया। राजपुरोहित विनोद मिश्रा, रजत मिश्रा और अनुज मिश्रा ने बताया कि बेलवरण पूजा की परंपरा दशकों पुरानी है, जिसे आज भी उसी श्रद्धा और जोश के साथ निभाया जाता है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जशपुर की पहचान और ऐतिहासिक धरोहर है। इस बार कोरोना संक्रमण की आशंका को देखते हुए विशेष सावधानियां भी बरती गईं। मान्यता है कि वन दुर्गा और 64 योगिनियां आदिकाल से जशपुर अंचल के वन-वनांतर में शक्ति स्वरूपा के रूप में पूजी जाती रही हैं। रियासत काल में इस परंपरा को विशेष संरक्षण मिला और तब से दशहरा महोत्सव का अभिन्न हिस्सा बन गई। लोककथाओं में वर्णित है कि जब-जब नगरवासियों पर संकट आया, वन दुर्गा ने शक्ति प्रदान कर उसकी रक्षा की। वन दुर्गा और योगिनियों के नगर प्रवेश के साथ सप्तमी का पूरा दिन भक्तिमय और उल्लासपूर्ण रहा। श्रद्धालु सुबह से ही सड़कों और मार्गों पर खड़े होकर देवी के स्वागत को आतुर दिखाई दिए। जयकारों से गूंजता वातावरण यह संदेश देता रहा कि जशपुर की आस्था आज भी उतनी ही जीवंत है जितनी सदियों पहले थी।

